साइबर सेल ने ठगी के 3,500 रुपये पीड़ित के खाते में कराए वापस

मो0शाहआज़म

जनपद।श्रावस्ती में साइबर ठगी के एक मामले में कोतवाली भिनगा की साइबर सेल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के खाते से ठगे गए 3,500 रुपये वापस करा दिए। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में की गई।कस्बा भिनगा निवासी अखंड प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके बैंक खाते से यूपीआई के माध्यम से 3,500 रुपये की ठगी कर ली गई है। शिकायत मिलने के बाद साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू की और धन वापसी प्रणाली के माध्यम से कार्रवाई करते हुए ठगी गई पूरी राशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस करा दी।इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह, साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक मनोज यादव, कांस्टेबल अमरजीत शर्मा तथा कांस्टेबल प्रमोद कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।पुलिस ने लोगों से अपील की है कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं,ताकि समय रहते धनराशि वापस कराई जा सके।

जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक ने सुनी जन समस्याएं, संबंधित को शीघ्र निस्तारण हेतु दिए निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन की शिकायतों व समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान जमीनी विवाद, मारपीट,

पारिवारिक विवाद, महिला सम्बन्धी, रूपये का लेन–देन एवं अन्य प्रकार के प्रकरणों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्रत्येक प्रकरण पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। जनता दर्शन के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आमजन के मध्य संवाद स्थापित कर त्वरित न्याय की भावना को सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।